केंद्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ संभाग
सत्रांत परीक्षा **(2023 -24)**

विषय **-** हिंदी
समय **– 2:30**

कक्षा **–** सातवीं कुल
अंक **– 60**

उत्तर कुंजी

<u>सामान्य निर्देश</u> **: -**

- इस अंक योजना का उद्देश्य मूल्याङ्कन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है |
- यदि छात्र इस अंकयोजना से भिन्न उपयुक्त उत्तर दें तो भी पूरे अंक दिए जाएँ |
- सामान त्रुटियों के लिए स्थान स्थान पर अंक न काटे जाएँ |

खंड – क

प्रश्न **1** अपठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए ।
**(1X 5=5)**

उत्तर (क) (iv) परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन (ख) (i) संघर्ष

( ग) (iv) उपर्युक्त सभी (घ) (ii) मानव + ईय

(ङ) (ii) दृढ़ संकल्प, उत्साह एवं साहस

प्रश्न **2 .** नीचे दिए अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।
**(1X 5=5)**

उत्तर (क) (ii) अलग-अलग रंग-रूप और अलग-अलग क्यारियाँ होने में
(ख) (ii) सबके विचारों में एकता है
(ग) (iii) जीवन के मार्ग में आने वाली बाधाएँ
(घ) (ii) एकता का पालन करके प्रेम से रहना
(ङ) (iii) एक देश में प्रेमपूर्वक रहने वालों को

खंड-ख हिंदी व्याकरण
**(1×12=12)**

प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
(1x2=12)

**(1)** 'शिक्षित' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय का नाम बताइए**-**
(iii) इत

**(2)** 'प्राथमिक' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय का नाम बताइए|
(iii) इक

**(3)** राजा-रानी में कौन**-** सा समास है**?**
(iii) द्वंद्व समास

**(4)** जिस समस्त पद के दोनों पद प्रधान होते हैं| उस समास का नाम बताइए|
(ii) द्वंद्व समास

**(5)** नीलाभ शब्द का सही संधि**-**विच्छेद क्या होगा **?**
(ii) नील + आभ

**(6)** नव **+**आगंतुक की संधि है**-**
(i) नवागंतुक

**(7)** मुहावरा "दाँतों तले उँगली दबाना" का अर्थ है **–**

(i) दंग रह जाना

**(8)** "लाल-पीला होना" का अर्थ है –

(ii) क्रोध करना

**(9)** "नीति" शब्द का बहुवचन  रूप क्या होगा?

(i) नीतियों

**(10)** "ज़िम्मेदारी" शब्द का बहुवचन  रूप क्या होगा?

(ii) जिम्मेदारियों

**(11)** "पानी" शब्द के दो पर्यायवाची शब्द कौन – से होंगें?

(i) जल, नीर

**(12)** "फूल" शब्द के दो पर्यायवाची शब्द कौन – से होंगे?

(ii) कुसुम, पुष्प

खंड **-ग**

प्रश्न **4** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए| **(1x 5=5)**

उत्तर- (क)-  (i) सघन, ऊँची तथा चमकीली

(ख)-  (ii) बंकिम और पैनी

(ग)-   (iv) मोर की आँखें

(घ)-   (iii) गर्दन ऊँची करके देखना, नीची कर दाना चुगना, पानी पीना व टेढ़ी कर शब्द सुनना

(ड.)-  (iii) गति की

प्रश्न **5** निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए|

**(1x5=5)**

उत्तर-  (क) (ii) मीराबाई

(ख) (iii) सुबह का

(ग)  (i)   दही मथ रही हैं

(घ)  (iii)  माखन-रोटी

(ड.) (i)   सारे ग्वाल-बाल

प्रश्न **6** पाठ्यपुस्तक के गद्य प्रश्नोतर **-**

**(2x2=4)**

उत्तर 1- हॉकी भारत का पुराना खेल हैं इसे राजा महाराजाओं से लेकर देहात के लोग भी बड़े चाव से खेला करते थे।यह खेल व्यायाम का सर्वोत्तम साधन है। पुराने ज़माने में गांवों के लोग पेड़ों की टहनियों के द्वारा इस खेल को खेला करते थे। इस खेल का अपना लंबा इतिहास होने के कारण और अत्यधिक लोकप्रिय होने के कारण इसे राष्ट्रीय खेल माना जाता है।

उत्तर 2- मिठाईवाला बच्चों का सान्निध्य प्राप्त करना चाहता था | वह अपने बच्चों की झलक इन बच्चों में देखता था बच्चों की उत्सुकता को बनाये रखने के लिए | उसे पैसों का कोई लालच नहीं था | चीजों को बनवाने में उसे अधिक समय लग जाता था |

उत्तर 3- बचपन में कुँवर सिंह को पढ़ने-लिखने से अधिक घुड़सवारी, तलवारबाज़ी और कुश्ती लड़ने में बहुत मज़ा आता था। बड़े होने पर उन्हें इन कार्यों से स्वतंत्रता सेनानी बनने में बहुत अधिक सहायता मिली।वे कुशल घुड़सवारी, तलवारबाज़ी आदि गुणों के आधार पर ही अंग्रेजों से मोर्चा ले सके।

प्रश्न **7** पाठ्यपुस्तक के पद्य प्रश्न **-**

**(2x2=4)**

उत्तर 1- मेरे विचार से पक्षियों को पालना उचित नहीं है जिस प्रकार मनुष्य को अपनी स्वतंत्रता प्रिय होती है उसी प्रकार पक्षियों को भी अपनी आज़ादी प्यारी होती है। ईश्वर ने उन्हें पंख दिये हैं, जिससे कि वे उड़ सकें। यदि हम उन्हें पालते हैं तो उनकी आज़ादी और उड़ान में विघ्न पैदा होता है।

उत्तर 2- “एक तिनका” कविता में कवि ने आँख में अचानक पड़ने वाले एक तिनके की घटना की चर्चा की है, जब अचानक आँख में पड़ने वाला बेजान (सूखी घास का) तिनका मनुष्य को व्याकुल कर देता है और वह स्वयं को असहाय-सा महसूस करने लगता है। कवि ने इस संदेश के रूप में कहा है कि मनुष्य को कभी घमंड यही करना चाहिए, क्योंकि उसके घमंड छोटी से छोटी वस्तु भी चूर-चूर करने में सफल हो जाती है।

उत्तर 3- रहीम ने क्वार के बादलों की तुलना उन लोगों से की है जो पहले अमीर थे लेकिन अब वे ग़रीब हो चुके हैं । जैसे क्वार माह के बादल केवल गरजते हैं, पर बरसते नहीं है ठीक उसी प्रकार अमीरी से निर्धन हुए व्यक्ति केवल दिखावे रूप में अमीरी की बात करते हैं जबकि वे भीतर से खोखले होते हैं।

प्रश्न **8** पूरक पाठ्यपुस्तक के आधार पर प्रश्न **– (2x3=6)**
**(2x3=6)**

उत्तर 1- ) हमारे विचार से सबसे अधिक अन्याय कर्ण के साथ हुआ है। जैसे-
सूर्य-पुत्र कर्ण को उसकी जन्मदात्री ने त्याग दिया।
शस्त्र-परीक्षण के दिन पहचान लेने के बाद भी कुंती ने उसे नहीं अपनाया।
उत्तम कुल में उत्पन्न होकर भी वह सूत-पुत्र कहलाया।
इंद्र ने उसके साथ छल किया।
परशुराम ने उसे शाप दिया।
अर्जुन ने उसे छल से मारा।।

उत्तर 2- हमारे विचार से महाभारत के युद्ध को पितामह भीष्म और आचार्य द्रोण रुकवा सकते थे, क्योंकि यदि पितामह भीष्म और आचार्य द्रोण दुर्योधन के अन्याय का समर्थन नहीं करते, तो कृपाचार्य और अश्वत्थामा भी उनका साथ नहीं देते। तब कौरव कमजोर पड़ जाते और इन लोगों की अनुपस्थिति में दुर्योधन युद्ध करने में समर्थ नहीं हो पाता।

उत्तर 3- श्रीकृष्ण ने अन्न का कण और साग का पत्ता दुर्वासा ऋषि व उनके दस हज़ार शिष्यों की भूख को शांत करने के लिए खाया। ऐसा उन्होंने इसलिए किया क्योंकि वे जानते थे कि इतने लोगों को एक साथ भोजन करवाना पांडवों के लिए मुश्किल होगा।

उत्तर 4- युधिष्ठिर का राज्याभिषेक होने के बाद हस्तिनापुर सम्राट धृतराष्ट्र ने उन्हें निर्जन नगर खांडव प्रस्थ को अपनी राजधानी बनाने को कहा। पांडवों ने निपुण शिल्पकारों से सुन्दर भवनों और अभेद्य दुर्गो से सुशोभित नगर बनवाया जिसका नाम उन्होंने इन्द्रप्रस्थ रखा। इन्द्रप्रस्थ की शान और सुंदरता की प्रशंसा पूरे संसार में होने लगी थी। इस प्रकार निर्जन खांडवप्रस्थ सुंदर इन्द्रप्रस्थ बन गया था।

उत्तर 5- दूसरी बार हुए चौसर के खेल में यह शर्त रखी गई थी कि हारा हुआ दल अपने भाइयों के साथ बारह वर्ष तक तथा एक वर्ष अज्ञातवास में रहेगा।

खंड-घ रचनात्मक लेखन

प्रश्न **9** पत्र लेखन कोई एक हल कीजिए**|**
**(1x5=5)**
प्रारूप**- 1**
विषय वस्तु**- 3**
भाषा शैली**- 1**

प्रश्न **10** किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखेंगे**|**
**(1x5=5)**
विषय वस्तु**- 3**
भाषा शैली**- 1**
रचनात्मकता**- 1**

प्रश्न **11** किसी एक विषय पर संवाद लिखेंगे**|**
**(1x4=4)**
विषय वस्तु**- 2**

भाषा शैली- **1**
रचनात्मकता- **1**